my city
सूर्योदय सुबह 6.12
सूर्यास्त शाम 5.29
lucknow.amarujala.com
29.3° temperature 16.9°
अमर उजाला
शनिवार | 26.10.2019
कार्तिक कृष्ण पक्ष त्रयोदशी, विक्रम संवत 2076
लखनऊ



# ओजोन दिवस पर हरियाली बचाने का संकल्प

लखनऊ। एमिटी विश्वविद्यालय में शुक्रवार को ओजोन दिवस मनाया गया। स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज के महानिदेशक डॉ. भरत राज सिंह ने कहा कि ओजोन परम में छिद्र को ठीक करने और जलवायु की रक्षा करने के लिए तीन दशक से पृथ्वी के चारों ओर ओजोन परत की मोटाई बढ़ाने के प्रयास चल रहे हैं। इससे ही लोगों को स्वस्थ और धरती को सुरक्षित किया जा सकेगा। उन्होंने छात्रों से ओजोन परत के रिपेयर, पर्यावरण संरक्षण, पृथ्वी को हरा-भरा बनाने के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक बंद करने को मुहिम चलाने का अनुरोध किया। उन्होंने छात्रों को हरियाली के संरक्षण का संकल्प दिलाया। इस दौरान बायोटेक विभाग की अध्यक्ष डॉ. मंजू अग्रवाल, डॉ. ज्योति प्रकाश, डॉ. पूजा, डॉ. ज्योति प्रकाश और डॉ. रिचा समेत छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।